चाय के स्केल इन्सेक्ट (Scale insect) व प्रबंधन

पहचान व जीवन चक्र

- जीवन चक्र में अंडा (egg), क्रौलर (crawler), सेट्लर्स (settelers) और वयस्क (adult) चरण (stages) होते हैं।
- एक मादा स्केल लगभग 250-400 अंडे एक ओविसैक (ovisac) के अंदर देती है।
- अंडो से क्रौलर निकलते हैं, सेट्लर्स व वयस्क पत्तों और तने से चिपक कर रस चूसते हैं और एक मीठा पदार्थ हनी ड्यू (Honey dew) छोडते हैं, जिस कारण पत्तों व तनों पर शूटी मोल्ड (फफूंद) लग जाती है।
- स्केल इन्सेक्ट के कारण चाय के पौधों की ग्रोथ व पैदावार काफी कम हो जाती है।



बागानों में स्केल इन्सेक्ट का अटैक







प्रबंधन:

- बागानों में काम करने वालों का इन्सेक्ट ग्रसित क्षेत्रों से बिना ग्रसित क्षेत्रों में जाना पूर्णतया बंद कर देना चाहिए।
- बागानों के आसपास से अवांछित/ वैकल्पिक पौधों को नष्ट कर देना चाहिए।
- छिड़काव शुबह या शाम को करना चाहिए। धूप वाले दिन, दिन के समय छिड़काव न करें।
- झाड़ी के ऊपर, मध्य व नीचे के हिस्सों पर अच्छी तरह से छिड़काव करें।
- यदि स्केल्स का प्रकोप ज्यादा हो तो पंद्रह दिनों के अंतराल पर निम्न कीटनाशक (insecticides) का छिड़काव करें; रीपीट राउंड में अल्टर्नेट कीटनाशक (Insecticides) का छिड़काव करें।

कीटनाशक	छिड़काव की मात्रा	तुडान के लिए प्रतीक्षा अवधि (दिन)
Thiacloprid 21.7 SC	2.0 मिलिलीटर/लीटर	7
Thiamethoxam 25 WG	0.5 ग्राम/लीटर	7
Ethion 50% EC	1.0 मिलिलीटर/लीटर	3
Deltamethrin 2.8% EC	0.3 मिलिलीटर/लीटर	3
Profenofos 50% EC	1.2 मिलिलीटर/लीटर	7
Neem Extract (Azadirachtin 5% W/W)	0.5 मिलिलीटर/लीटर	5

सीएसआईआर–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान
CSIR-Institute of Himalayan Bioresource Technology

75 Years of CSIR Touching Lives

पालमपुर, हिमाचल प्रदेश, 176061 (भारत)
Palampur, Himachal Pradesh, 176061 (INDIA)

दूरभाष : 01894–230411 फैक्स : 01894–230433
E-mail: director@ihbt.res.in; Website http://www.ihbt.res.in